INDIA NON JUDICIAL

IN-UP25201161922071Y

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp


198/21 TR

ACC Name -Jata Shankar Shukla ACC Code-UP14185404
ACC Address-261C/356 Beli Gaon, Prayagraj
Mobile No. 8957399920
Licence No.- 341
Tehsil & District-Sadar, Prayagraj

Certificate No.	:	IN-UP25201161922071Y
Certificate Issued Date	:	18-Jun-2026 03:06 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14185404/ PRAYAGRAJ SADAR/ UP-AHD
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14185404445525784521 68Y
Purchased by	:	AVDHESH KUMAR SAHU EDUCATIONAL TRUST BY A K SAHU
Description of Document	:	Article 64 (A) Trust - Declaration of
Property Description	:	NA
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	AVDHESH KUMAR SAHU EDUCATIONAL TRUST BY A K SAHU
Second Party	:	SUB REGISTRAR
Stamp Duty Paid By	:	AVDHESH KUMAR SAHU EDUCATIONAL TRUST BY A K SAHU
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	750 (Seven Hundred And Fifty only)

SCANNED

Please write or type below this line



Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

PF 0042649643

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उत्तर प्रदेश

Stamp No. : IN-UP25201161922071Y Rs. 750 Date : 18-06-2026

ट्रस्ट डीड

मैं अवधेश कुमार साहू पुत्र श्री विजय लाल साहू निवासी इन्द्र नगर, बमरौली, प्रयागराज, उ0प्र0 (आधार नं0 ********0782) का हूँ, जिन्हें आगे अध्यक्ष कहा गया है। ट्रस्टीगणों की इच्छा समाजसेवा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की है जिसके लिये ट्रस्टियों ने यह ट्रस्ट स्थापित करने का निश्चय किया है। विदित हो कि अध्यक्ष धनराशि अंकन 5,000/– रूपये (पाँच हजार मात्र) का एकमात्र स्वामी व अधिकारी हैं। ट्रस्टीगण सामाजिक कार्य करना चाहते है जिनका विवरण आगे दिया गया है। इसलिए एक ट्रस्ट की स्थापना करना चाहते हैं और उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ट्रस्टियों ने उक्त राशि अंकन 5,000/– रूपये (पाँच हजार मात्र) को इस उद्देश्य से हस्तान्तरित कर दिया है। सोच समझ कर आपंसी सहमति से सभी ट्रस्टीगण इस विलेख का निष्पादन कर रहे हैं।

1. ट्रस्ट का नाम : **अवधेश कुमार साहू एजूकेशनल ट्रस्ट**

AVDHESH KUMAR SAHU EDUCATIONAL TRUST होगा।

2. ट्रस्ट का पंजीकृत कार्यालय **इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0 पिनकोड : 211012** होगा परन्तु ट्रस्टीगण को अधिकार होगा कि आपसी सहमति से उक्त ट्रस्ट का कार्यालय कहीं पर भी सहमति से स्थानान्तरित कर सकते हैं।
3. ट्रस्ट के पास रू0 5,000/– के अतिरिक्त अन्य कोई चल अचल सम्पत्ति नही है।

ट्रस्टीगण के अधिकार, कर्तव्य एवं नियुक्ति –

1. यह कि व्यवस्थापकों/ट्रस्टियों ने ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु अपने में से अध्यक्ष, प्रबन्धक एवं छः ट्रस्टी नियुक्त कर लिया है। प्रबन्धक को ट्रस्ट का सुचारू रूप से संचालन करने के लिये नये ट्रस्टी/पदाधिकारी बनाने व उनको पद देने तथा पद से हटाने का अधिकार होगा। अध्यक्ष एवं प्रबन्धक का कार्यकाल जीवन पर्यन्त होगा। अन्य पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।



Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

आवेदन सं०: 202600890013326

न्यास पत्र

बही सं०: 4 रजिस्ट्रेशन सं०: 198 वर्ष: 2026

प्रतिफल- 5000 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 500 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 560





श्री अवधेश कुमार साह ,
पुत्र श्री विजय लाल साह
व्यवसाय : अन्य
निवासी: इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 19/06/2026 एवं 11:14:51 AM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

सी० के० पाण्डेय
उप निबंधक :सदर प्रथम
प्रयागराज
19/06/2026

एस० के० भारतीय
निबंधक लिपिक
19/06/2026

उप निबंधक सदर प्रथम उत्तर प्रदेश

2. ट्रस्ट के ट्रस्टियों की सूची निम्न है :

क्र0 सं0	नाम व पिता/पति का नाम	पद	पता	व्यवसाय	आधार नं0
1.	श्री अवधेश कुमार साहू पुत्र श्री विजय लाल साहू	अध्यक्ष	इन्द्र नगर, बमरौली उपरहार, प्रयागराज	समाजसेवा	********0782
2.	श्रीमती कल्पना साहू पत्नी श्री अवधेश कुमार साहू	प्रबन्धक	इन्द्र नगर, बमरौली उपरहार, प्रयागराज	समाजसेवा	********9922
3.	श्री शशि कान्त कनौजिया पुत्र स्व0 बृज लाल	ट्रस्टी	131जे/7जे, अबूबकरपुर, धूमनगंज, प्रयागराज	समाजसेवा	********9922
4.	श्री गौरव कुमार साहू पुत्र श्री अवधेश कुमार साहू	ट्रस्टी	इन्द्र नगर, बमरौली उपरहार, प्रयागराज	समाजसेवा	********7033
5.	ज्योति श्रीवास्तव पुत्री श्री जय चन्द्र	ट्रस्टी	6, जरौहा, माजारा उलाचूपुर, कोखराज उपरहार, कौशाम्बी	समाजसेवा	********7115
6.	श्री जीवन लाल पुत्र श्री रामदास	ट्रस्टी	34, देवीगंज विहामिदपुर, अलीपुर जीता कड़ा, कौशाम्बी	समाजसेवा	********5560
7.	श्री कृष्ण कुमार साहू पुत्र श्री विजय लाल साहू	ट्रस्टी	इन्द्र नगर, बमरौली उपरहार, प्रयागराज	समाजसेवा	********6089
8.	श्री सेहंदी लाल पुत्र श्री इन्द्र पाल	ट्रस्टी	टेंगई, गोविन्दपुर गोरियां, कौशाम्बी	समाजसेवा	********0961

3. ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त संस्थाओं की सम्पत्ति चल व अचल ट्रस्ट की सम्पत्ति समझी जायेगी। जिसे ट्रस्ट किसी भी उपयोग में ला सकेगा। ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं को ट्रस्ट के हित में बंधक रखा जा सकता है। ट्रस्ट/संस्था की ओर से आवश्यक शपथ–पत्र/प्रति शपथ–पत्र या विलय पर ट्रस्ट की सहमति से ट्रस्ट की ओर से प्रबन्धक अधिकृत होगें।

4. ट्रस्ट अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न संस्थाओं का संचालन करेगा। संस्थाओं के संचालन के लिए दान, चन्दा और अनुदान प्राप्त करने के लिए अधिकृत होगा।

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

आवेदन सं०: 202600890013326

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 198 वर्ष: 2026

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री अवधेश कुमार साहू, |AWADHESH KUMAR SAHU





पुत्र श्री विजय लाल साहू

निवासी: इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0

व्यवसाय: अन्य

ने निष्पादन स्वीकार किया। जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री शिव प्रताप, पुत्र श्री कशी प्रताप





निवासी: दरवेशपुर, पोस्ट भरवारी, फरीदपुर, कौशाम्बी, उ0प्र0

व्यवसाय: अन्य

पहचानकर्ता : 2

श्री सौरभ साहू, पुत्र श्री अवधेश कुमार साहू





निवासी: इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0

व्यवसाय: अन्य

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

सी [illegible]

उप निबंधक : सदर प्रथम

प्रयागराज

19/06/2026

ने की। प्रत्यक्षतःभद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए हैं।

टिप्पणी :

एस० के० भार[illegible]

निबंधक लिपिक प्रयागराज

19/06/2026

5. ट्रस्ट के अध्यक्ष, प्रबन्धक एवं छः ट्रस्टी संस्थापक ट्रस्टी कहलायेंगे। अध्यक्ष एवं प्रबन्धक का कभी चुनाव नहीं होगा और न ही कोई सदस्य या अन्य व्यक्ति उनके चुनाव के लिये कोई कानूनी कार्यवाही करेंगे। उपरोक्त पदाधिकारी अपनी इच्छा से अपने पद से त्याग–पत्र दे सकते हैं। उक्त पदाधिकारियों में से कोई भी पदाधिकारी अपने पद से त्याग–पत्र देता है तो ट्रस्टियों को उसकी जगह नया पदाधिकारी बनाने का अधिकार होगा। यदि कोई व्यक्ति स्वयं ट्रस्ट की सदस्यता से त्याग–पत्र देता है तो उसे प्रबन्धक की सहमति से स्वीकार किया जायेगा। ऐसी दशा में त्याग–पत्र देने वाले सदस्य का समस्त अधिकार ट्रस्ट से समाप्त हो जायेगा।
6. ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे–न्यायालय प्रकरण, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से सम्बन्धित लेन–देन, निर्माण, मान्यता, सम्बद्धता आदि आपसी सहमति से प्रबन्धक करेंगें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा आपातकालीन समस्या के लिये आपातकालीन बैठक अध्यक्ष द्वारा आहूत की जायेगी। यदि किसी विषय पर मतभेद हो जाता है तो ऐसी स्थिति में प्रबन्धक का निर्णय सर्वमान्य होगा।
7. प्रबन्धक को ट्रस्ट तथा उसके उद्देश्यों से सम्बन्धित कार्य हेतु किसी भी एजेन्ट जिसमें बैंक भी शामिल है को नियुक्त करने तथा उसे धनराशि अदा करने का तथा ट्रस्टीगण में निहित शक्तियों का प्रयोग करने का पूर्ण अधिकार होगा।
8. ट्रस्ट की बैठक साल में कम से कम दो बार अवश्य होगी परन्तु आवश्यक बैठक अध्यक्ष द्वारा 7 दिन पूर्व अन्य ट्रस्टीगण को प्रस्तावित बैठक के विषय की सूचना देकर बैठक बुलाने का अधिकार होगा। ट्रस्ट की बैठक साधारणतः ट्रस्ट कार्यालय में होगी परन्तु ट्रस्टीगण को अन्य स्थान पर जहाँ ट्रस्टीगण उचित समझे बैठक बुलाने का भी अधिकार होगा।
9. प्रबन्धक को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये समय–समय पर व्यक्तिगत, वित्तीय संस्थाओं, फर्म, बैंक आदि से उधार/ऋण लेने का पूर्ण अधिकार होगा। प्रबन्धक को ट्रस्ट की सम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियों को बंधक रख कर ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये उधार/ऋण/बैंक गारन्टी लेने का पूर्ण अधिकार होगा तथा ट्रस्ट के लाभ के लिये ट्रस्ट की सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार भी होगा।
10. प्रबन्धक को ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को किराया/लीज पर देने का अधिकार होगा व ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को सभी प्रकार के शेयरों, ऋण पत्रों व अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. प्रबन्धक ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कहीं भी चल व अचल सम्पत्ति किन्हीं भी शर्तों पर जो ट्रस्टीगण निश्चित करेंगे तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के बिपरीत न हो को प्राप्त करने व धारण करने चाहे पूर्ण स्वामित्व

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश

में हो या लीज पर हो या किराये पर हो या क्रय करने या किसी और अन्य तरीके से प्राप्त करने, क्रय करने, विक्रय करने, किराये पर देने, हस्तान्तरण करने तथा अन्य प्रकार से अधिकार त्यागने का पूर्ण अधिकार होगा।

12. बैठक का कोरम किसी भी समय समस्त ट्रस्टियों की संख्या का 2/3 होगा। यदि कोरम के अभाव में सभा स्थगित की जाती है तो स्थगित बैठक कोरम पूरा किये बिना भी हो सकती है। ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्यों में प्रबन्धक की सहमति होनी अनिवार्य होगी।
13. ट्रस्टी ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं से अपने तकनीकी कौशल के अनुसार पारिश्रमिक व लाभ प्राप्त करने के अधिकारी होंगे। उक्त ट्रस्टियों की मृत्यु के बाद उनकी संतान अथवा कानूनी वारिस पद, पारिश्रमिक व लाभ प्राप्त करने के अधिकारी होंगे और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा।
14. ट्रस्ट का कोष किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शिड्यूलड़ बैंक, पोस्ट ऑफिस या प्राइवेट बैंक में ट्रस्ट के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा, जिसका संचालन **प्रबन्धक** के हस्ताक्षर से होगा।
15. प्रबन्धक को ट्रस्ट के नाम, नियम एवं उद्देश्यों में परिवर्तन करने का अधिकार भी होगा। प्रबन्धक की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी प्रबन्धक होगे और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा।
16. ट्रस्टीगण को उक्त ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तथा आवश्यक होने पर अन्य व्यक्तियों, संस्था अथवा किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य के सहयोग से समस्त विधिक कार्य करने का पूर्ण अधिकार होगा।
17. अध्यक्ष ट्रस्ट के प्राप्ति व खर्चों का व ट्रस्ट फण्ड एवं सम्पत्तियों का सम्पूर्ण उचित तरीके से बाजाब्ता हिसाब रखेंगे और प्रतिवर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले लेखा/आर्थिक वर्ष का वार्षिक आय–व्यय का लेखा व आर्थिक चिट्ठा बनायेंगे जो प्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा और इसका आडिट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा कराया जायेगा।
18. न्यासी/ट्रस्टी को यह अधिकार होगा कि वह अपना उत्तराधिकारी वसीयत के अनुसार निश्चित कर सकें। ट्रस्टी सदस्यों के मरणोंपरान्त उस वसीयत के अनुसार ट्रस्टी उस उत्तराधिकारी को ट्रस्ट में सदस्य बनायेंगे। प्रबन्धक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को ट्रस्ट पर, ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर या ट्रस्ट की सदस्यता पर किसी भी प्रकार का अधिकार न होगा।

पंजीकरण एवं कार्यक्षेत्र –

1. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र **सम्पूर्ण भारतवर्ष** होगा।
2. यह कि ट्रस्ट की डीड ट्रस्ट के **अध्यक्ष** द्वारा पंजीकृत करायी जायेगी।

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उपर सब रजिस्ट्रार, सदर
उत्तर प्रदेश

Stamp No. : IN-UP25201161922071Y Rs. 750 Date : 18-06-2026

ट्रस्ट के उद्देश्य –

1. प्राथमिक से उच्च स्तर तक स्कूल कालेज, मेडिकल कालेज, तकनीकी व फार्मा शिक्षण संस्थाओं की स्थापना व संचालन करना, सभी प्रकार के ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन, प्रशिक्षण तथा प्रबन्धन व व्यावसायिक कोर्स हेतु कालेजों की स्थापना करना व संचालन करना।
2. बेरोजगार, जरूरतमन्द व बेसहारा स्त्रियों के लिये रोजगार के अवसर प्रदान कराना।
3. शैक्षिक किताबों, पेपर, साप्ताहिक, दैनिक समाचार पत्र, मासिक पत्रिका आदि का प्रकाशन कराना, लाइब्रेरी, रीडिंग रूम तथा हास्टल/छात्रावास आदि की स्थापना एवं संचालन करना।
4. युवाओं के विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन तथा एकता की भावना पैदा करने हेतु क्रीड़ा/खेल कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु खेल प्रतियोगिताये तथा युवाओं नेतृत्व गुण हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना।
5. धर्मशाला, आश्रम, वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम, आध्यात्मिक, साधना एवं योग केन्द्र तथा सभी के लिये धार्मिक स्थल बनवाना व उनकी देखभाल करना।
6. दान दाताओं, विदेशी संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं व सरकारी संस्थाओं द्वारा सरकारी सहायता, ऋण व अन्य सहायता प्राप्त करना।
7. समय–समय पर विभिन्न समस्याओं पर जनमानस के विचारों को जानने के लिए प्रपत्र पर प्रारूप तैयार कर उस पर सर्वे कराना।
8. गंगा को प्रदूषण मुक्त कराना तथा गंगा सफाई हेतु प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार आदि से सिफारिश करना, जल बचाव सम्बन्धित कार्य करना तथा आम पब्लिक को जल ही जीवन है सम्बन्धित जानकारियाँ देना।
9. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये भवन निर्माण कराना तथा अन्य निर्माण कार्य आधुनिक तकनीक द्वारा करना।
10. अस्पताल, औषधालय, डायग्नोस्टिक सेन्टर, स्कैनिंग सेन्टर, पाली क्लीनिक, अनुसंधान शालाओं एवं रसायन शालाओं का संचालन एवं स्थापना करना।
11. प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु कार्य करना। शहरों एवं गांवो में पेड़ लगाना, जिससे प्रदूषण कम हो। खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण करना ताकि पर्यावरण स्वच्छ रहे और आय के साधन बढ़ें ।

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


सहायक सह रजिस्ट्रार, सदर कानपुर नगर
उत्तर प्रदेश

12. निरीह प्राणियों, पशु एवं पक्षियों की चिकित्सा का प्रबन्ध करना एवं उनके लिये चिकित्सालयों की स्थापना व व्यवस्था करना।
13. कृषि भूमि तथा अन्य जमीन जायदाद आदि खरीदना, प्राप्त करना, उन्हें क्रय–विक्रय करना, हस्तान्तरण करना तथा कृषि भूमि पर कृषि कार्य कराना।
14. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये भूमि क्रय करना। ट्रस्ट द्वारा क्रयशुदा भूमि पर भवन निर्माण करना।
15. ट्रस्ट की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सभी प्रकार के कार्य व प्रयत्न करना, ट्रस्ट के लिये दान लेना व दान की रसीद देना।
16. वह सभी कार्य करना जो समस्त मानव जाति के लिये कल्याणकारी हो।
17. यह कि इस ट्रस्ट द्वारा शिक्षा जगत के विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार/वर्कशाप आयोजित करना।
18. यह कि धर्मशाला एवं मंदिर का निर्माण करना तथा शादी विवाह हेतु उचित स्थान की व्यवस्था करना जिससे समाज के गरीब वर्ग के लोगों को लाभ हो सके।
19. ऊसर एवं बंजर भूमि को अधिक उपजाऊ बनाने हेतु कार्य करना तथा कृषिकों को आधुनिक तकनीक द्वारा खेती करने की जानकारी/प्रशिक्षण/नये यंत्रों की जानकारी देना तथा भूमि सुधार औषधि एवं सगन्धीय पौधों की खेती करना, नैडम एवं वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक कृषि हेतु किसानों को प्रशिक्षण देना।
20. सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन करना, सांस्कृतिक गोष्ठी, सेमिनार, जनजातीय लोक कला एवं विनिदृष्टि कला हेतु विकास करना, संगीत कला केन्द्र/संगीत महाविद्यालयों की स्थापना करना, वाद्य यंत्रों का रख रखाव, लुप्त हो रही संस्कृति को उजागर करना, अनुसंधान, प्रोत्साहन विषयक संगोष्ठी, जन्म सताब्दी समारोंहो का आयोजन करना तथा विभिन्न प्रकार की/विभिन्न विधाओं में संगीत प्रतियोगितायें आयोजित करना।
21. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जनपद स्तर, प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर ट्रस्ट की शाखा व कार्यालयों की स्थापना करना।
22. गौशालाओं को आत्म निर्भर बनाने व बेहतर प्रबन्धन, संचालन एवं संरक्षण हेतु आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण, कार्यक्रम, सेमिनारों का आयोजन गौशालाओं से सम्बन्धित समस्त प्रकार के कार्य करना तथा अन्य गौशालाओं को सहयोग देना तथा उनसे सहयोग प्राप्त करना। सरकारी संस्थाओं गैर सरकारी संस्थाओं एवं विदेशी संस्थाओं से आर्थिक व अन्य सहायता प्राप्त करना।

Principal
J. D. Convent School
tganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उपनिबंधक सहकारी समितियां
उत्तर प्रदेश

यह कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के निम्न कर्तव्य व दायित्व होंगे–

अध्यक्ष :

1. ट्रस्ट की सभी बैठकों की तिथियो को निर्धारित करना एवं अध्यक्षता करना।
2. सभी बैठकों को समयानुसार बुलाना।
3. ट्रस्ट के लिये ट्रस्ट के नाम से कानूनी कार्यवाही कराना।
4. ट्रस्ट के दैनिक कार्यकलाप को सुचारू रूप से संचालित करना।
5. ट्रस्ट की समस्त आय–व्यय का हिसाब रखना व उसको आडिट कराना।
6. ट्रस्ट का समस्त व्यय जो कि प्रबन्धक द्वारा सत्यापित हो उनको अनुमोदित कर भुगतान कराना।

प्रबन्धक :

1. ट्रस्ट की बैठक समय से बुलाने व ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये अध्यक्ष को सहयोग प्रदान करना।
2. सभी बैठकों की कार्यवाही को पूर्ण रूप से विवरण, बैठक कार्यवाही रजिस्टर में लिख अध्यक्ष से सत्यापित कराना, अगली बैठक के बुलाने की सूचना के साथ पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के लिये उसकी नकल सभी ट्रस्टियों को भेजना।
3. ट्रस्ट के ओर से समस्त बिल वाउचरों पर हस्ताक्षर करना।
4. कर्मचारियों के नियुक्ति, निलम्बन, पदोन्नति, वेतनवृद्धि, वेतन वितरण एवं पदच्युत प्रबन्धसमिति के अनुमोदन से करना।
5. ट्रस्ट की समस्त चल व अचल सम्पत्ति पर नियंत्रण रखना और समस्त प्रकार के अभिलेखों को सुरक्षित करना।
6. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ऋण अनुदान, चन्दा, दान आदि प्राप्त करना।
7. ट्रस्ट के विकास हेतु सरकारी विभागों एवं अन्य संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित करना।
8. ट्रस्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्य करना।
9. ट्रस्ट के उन्नति के लिए वह समस्त कार्य करना जो संस्था के हित में हो।
10. ट्रस्ट के विकास हेतु आवश्यक कार्य करना।
11. ट्रस्ट के विकास के लिए अचल सम्पत्तियों का क्रय विक्रय करना।

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उत्तर प्रदेश

ट्रस्टी :

ट्रस्ट के पदाधिकारियों/ट्रस्टियों का सहयोग करना।

ट्रस्ट के अभिलेख :

1. कार्यवाही रजिस्टर
2. एजेण्डा रजिस्टर
3. सूचना रजिस्टर
4. कैश बुक

विघटन :

यह कि एतद् द्वारा संस्थापित किया गया ट्रस्ट अप्रतिसंहरणीय होगा, परन्तु यदि किसी कारणवश से ट्रस्टीगण उक्त ट्रस्ट का संचालन करने में असमर्थ होंगे तो ट्रस्ट की सभी सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को निस्तारण कर ट्रस्ट की सभी लेनदारियो व देनदारियों का भुगतान करने के पश्चात् ट्रस्ट का विघटन कर सकते हैं।

उपरोक्त के साक्ष्य स्वरूप **प्रबन्धक** ने अपने हस्ताक्षर किये।

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi


उपनगर सब रजिस्ट्रार, सदर प्रथम प्रयागराज
सत्यमेव जयते
उत्तर प्रदेश

Stamp No. : IN-UP25201161922071Y Rs. 750 Date : 18-06-2026

स्टाम्प नियमानुसार अदा है।

हस्ताक्षर अध्यक्ष श्री अवधेश कुमार साहू पुत्र श्री विजय लाल साहू निवासी इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0 **(आधार नं0** ********0782**)** **(मोबाइल नम्बर** 9415072387**)**



हस्ताक्षर गवाह श्री सौरभ साहू पुत्र श्री अवधेश कुमार साहू निवासी इन्द्र नगर, बमरौली, तहसील सदर, प्रयागराज, उ0प्र0 **(आधार नं0** ********2025**)** **(मोबाइल नम्बर** 8400813353**)**



हस्ताक्षर गवाह श्री शिव प्रताप पुत्र श्री केशरी प्रताप निवासी दरवेशपुर, पोस्ट भरवारी, फरीदपुर, कौशाम्बी, उ0प्र0 **(आधार नं0** ********8700**)** **(मो0** 9519776868**)**



मसविदाकर्ता एडवोकेट हृदयांचल शुक्ल (गुलाब) पुत्र श्री प्रदीप कुमार शुक्ल निवासी अलादादपुर, आनापुर, प्रयागराज **(मो0** 9838627758, 8115020003**)**

टाईपकर्ता श्री चंचल शुक्ल (एडवोकेट) निवासी सी–16, मेंहदौरी कालोनी, तेलियरगंज, प्रयागराज, उ0प्र0 **(मो0** 7068025296**)**

दिनांक : 19.06.2026

Principal
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

Manager
St. J. D. Convent School
Muratganj, Kaushambi

आवेदन सं०: **202600890013326**

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 643 के पृष्ठ 251 से 270 तक क्रमांक 198 पर दिनाँक 19/06/2026 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

सी० के० पाण्डेय

उप निबंधक : सदर प्रथम

प्रयागराज

19/06/2026

उप/सब रजिस्ट्रार, सदर प्रथम प्रयागराज

सत्यमेव जयते

उत्तर प्रदेश